अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत किसानों को निशुल्क प्रशिक्षण एवं खाद बीज वितरण

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर पर अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत दिनांक 27 जुलाई को बरजू, लाखूसर एवम् जालवाली के 45 किसानों, दिनांक 31 जुलाई को गांव मोडीयामांसर व कोडमदेसर के 16 किसानों एवम् दिनांक 01 अगस्त को गांव बीठनोक के 38 किसानों को खरीफ फसलों में उत्पादन हेतु नवीनतम तकनीकियों के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक किसान को उच्च किस्मों के मोठ व ग्वार का बीज एवम् उर्वरक दिया गया साथ में जैविक उर्वरक पी.एस.बी. व राइजोबियम का निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र के अध्यक्ष डॉ. एन.डी. यादव ने बाराणी खेती की उन्नत तकनीकी से खेती करने के बारे में किसानों को अवगत कराया और अनुसूचित जाति उप योजना में अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए अनुग्रह किया। संस्थान के अन्य वैज्ञानिकों डॉ. जी.एल.बागड़ी, एम.एल. सोनी, वी.एस.राठौड़, बीरबल एवम् सुब्बुलक्ष्मी ने भी किसानों को फसलों व बॉगवानी आदि की उन्नत तकनीकी की जानकारी दी।